नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

V-103

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–XI) परीक्षा, 2018

लेवल – तृतीय

विषय – स्वास्थ्य देखभाल

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर–पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक के उत्तर 4 से 6 पंक्तियों में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – अ

सही विकल्प चुनें : 10 × ½ = 5

1. स्टेथोस्कोप की मदद से की जाने वाली शारीरिक जाँच है : (½)

(अ) जाँच पड़ताल (ब) छूकर जाँचना

(स) थपथपाना (द) परिश्रवण

2. एनैमलवेयर के तहत आने वाली चीजों में शामिल हैं : (½)

(अ) बेडपेंस (ब) मैकिंटोश

(स) ग्लब्स (द) आईस कैप्स

3. प्रत्यक्ष संपर्क द्वारा संक्रमण फैलने का तरीका है : (½)

(अ) कीटों के जरिए (ब) धूल के जरिए

(स) ड्रॉपलेट संक्रमण (द) संदूषित भोजन और पानी के जरिए

4. इसका प्रयोग बच्चों में रीढ़ के टेढ़ेपन के इलाज में किया जाता है : (½)

(अ) ब्राएंट्स ट्रैक्शन (ब) मिलवाउकी ब्रेस

(स) रसेल्स ट्रैक्शन (द) डनलप ट्रैक्शन

5. स्किन ट्रैक्शन लगाते समय प्रायः रोगी के शरीर के कितने प्रतिशत वजन की सलाह दी जाती है ? (½)

(अ) 5 प्रतिशत (ब) 10 प्रतिशत

(स) 15 प्रतिशत (द) 20 प्रतिशत

6. ऑफ्थेल्मिक मार्ग द्वारा दवाई दी जाती है : (½)

(अ) कान में (ब) नाक में

(स) मुँह में (द) आँख में

7. एंटीकोएग्युलेंट दवा का उदाहरण है : (½)

(अ) कैल्सियम कार्बोनेट (ब) हिपेरिन

(स) डायजिपैम (द) इन्सुलिन

8. इन्सुलिन का उपयोग किया जाता है : (½)

(अ) डाइबिटीज (ब) पेप्टिक अल्सर

(स) नेफ्राइटिस (द) हृदयघात

9. इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड द्वारा रोगी के शरीर के ऊतकों के भीतर ताप उत्पन्न करना कहलाता है : (½)

(अ) टेंस (ब) अल्ट्रासाउंड

(स) शॉर्टवेव डाइथर्मी (द) लेजर थैरेपी

10. एक न्यूरोलोजिक समस्या है : (½)

(अ) हृदयाघात (ब) आर्थ्राइटिस

(स) मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (द) सेरिब्रल पाल्सी

खण्ड – ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : **20 × ½ = 10**

11. परिश्रवण से ध्वनि की ________ विशेषताओं का मूल्यांकन किया जाता है। (½)

12. शरीर पर उंगलियों से मारकर जाँच करने की विधि ________ कहलाती है। (½)

13. नेब्युलाइजर का उपयोग ________ मार्ग द्वारा दवा देने में किया जाता है। (½)

14. ऐस्पिरिन जैसी दवा के प्रभाव से पेट को सुरक्षित रखने के लिए ________ माध्यम में घुलनशील आवरण का उपयोग किया जाता है। (½)

15. बलगम को ________ युक्त स्प्युटम कप में जमा करना चाहिए । (½)

16. किसी संक्रामक रोग से ग्रसित क्लाइंट के डिस्चार्ज, ट्रांसफर या मृत्यु की स्थिति में सभी चीजों का अंतिम ________ करना चाहिए । (½)

17. यूरेटरिक कैथेटर्स जिन्हें उष्मा और नमी द्वारा आसानी से नष्ट किया जा सकता है ________ टेबलेट से कीटाणुरहित किए जाते हैं । (½)

18. मेडिकल असेप्सिस में एक "क्लीन टेकनीक" का प्रयोग होता है । लेकिन सर्जिकल असेप्सिस में ________ का इस्तेमाल किया जाता है । (½)

19. फायरमैन लिफ्ट का इस्तेमाल जागृत या बेहोश बच्चे या हलके वजन वाले ________ को ले जाने के लिए किया जाता है । (½)

20. हलकी या मामूली जलन वाले रोगी के उपचार में ________ टैग का उपयोग किया जाता है । (½)

21. प्लास्टर ऑफ पेरिस ________ है । (½)

22. स्केलेटल ट्रैक्शन का इस्तेमाल आमतौर पर ________ फ्रैक्चर्स में किया जाता है । (½)

23. दवा खिलाने में व्यक्ति की मदद करने से पहले उस व्यक्ति की ________ की जाँच करनी चाहिए । (½)

24. टॉपिकल मार्ग द्वारा दवा देने का अर्थ ________की सतह पर दवा देना है । (½)

25. एंटीहिस्टामाइन दवाओं का उपयोग ________ में किया जाता है । (½)

26. नेत्रहीन रोगी तथा जो ठीक से देख नहीं पाते उन्हें ________ में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवानी चाहिए । (½)

27. शारीरिक क्षति या बीमारी के बाद रोगी के शारीरिक गति–संचालनों को सामान्य करने के लिए ________ उपचार किया जाता है । (½)

28. स्पाइन बिफिड़ा एक मस्तिष्कीय समस्या है, जो ________ की विकृति पैदा करती है । (½)

29. ऊर्जा आधारित थैरेपी को ________ भी कहा जाता है । (½)

30. डंबल और बारबेल के जरिए दिया जाने वाला भार प्रशिक्षण ________ व्यायाम का उदाहरण है । (½)

खण्ड – स

चार से छः पंक्तियों में उत्तर दीजिए : 6 × 1½ = 9

31. रोगी के गुदा (Rectum) की जाँच विधि लिखिए । (1½)

32. मुँह के द्वारा दवा आपूर्ति के फायदे व नुकसान लिखिए । (¾ + ¾ = 1½)

33. समय के संदर्भ में दवा की मात्रा को नियंत्रित करने वाली तकनीक बताएँ। **(1½)**

34. दवा देने के सात मूलभूत सिद्धांत लिखिए। **(1½)**

35. मालिश/मैनीप्यूलेशन के उद्देश्य लिखिए। **(1½)**

36. व्यायाम की परिभाषा लिखिए। **(1½)**

खण्ड – द

दो पृष्ठों में उत्तर दीजिए : **2 × 3 = 6**

37. ऑपरेशन थिएटर की साफ-सफाई कब-कब की जाती है ? ऑपरेशन थिएटर में एक जी.डी.ए. (GDA) की जिम्मेदारियाँ क्या हैं ? लिखिए। **(1 + 2 = 3)**

38. ट्रैक्शन से आप क्या समझते हैं ? ट्रैक्शन के प्रकार लिखते हुए संक्षिप्त में वर्णन कीजिए। **(1 + 2 = 3)**